**भारत सरकार**
**कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 3053**
**उत्तर देने की तारीख 20 मार्च, 2023**
**सोमवार, 29 फाल्गुन, 1944 (शक)**

**पीएमकेवीवाई 3.0 के अंतर्गत प्रशिक्षण**

**3053. डॉ. प्रीतम गोपीनाथ राव मुंडे:** **श्री चन्द्रशेखर साहू:**
**श्री गिरीश भालचन्द्र बापट:** **श्री राहुल रमेश शेवाले:**

**क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) वर्ष 2021 और 2022 के दौरान विशेषकर महाराष्ट्र और ओडिशा में प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना चरण-3 (पीएमकेवीवाई 3.0) के अंतर्गत प्रशिक्षित/प्रबोधित पुरुष, महिला और गैर-बाइनरी उम्मीदवारों का राज्य-वार ब्योरा क्या है;

(ख) पिछले दो वर्षों के दौरान पीएमकेवीवाई 3.0 के अंतर्गत कुशल और औपचारिक रूप से तैयार किए गए उम्मीदवारों को दिए गए नियोजनों का राज्य/लिंग-वार ब्योरा क्या है;

(ग) क्या केंद्र सरकार को इस कार्यक्रम की कम नियोजन दर की जानकारी है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्योरा क्या है और इस दर में सुधार करने की क्या योजनाएं हैं?

**उत्तर**
**कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री**
**(श्री राजीव चंद्रशेखर)**

(क) महाराष्ट्र और ओडिशा राज्य सहित वर्ष 2021 और 2022 के दौरान प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना चरण-3 (पीएमकेवीवाई 3.0) के अंतर्गत प्रशिक्षित/उन्मुख उम्मीदवारों (पुरुष, महिला और गैर-बाइनरी) का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण अनुबंध-I में दिया गया है।

(ख) पीएमकेवीवाई के अल्पावधि प्रशिक्षण (एसटीटी) और पूर्व शिक्षण मान्यता (आरपीएल) नामक दो घटक थे। एसटीटी प्रमाणित उम्मीदवारों को नियोजन के अवसर प्रदान किए गए, जबकि आरपीएल नियोजन से संबद्ध नहीं है, क्योंकि यह उम्मीदवार के मौजूदा कौशल को मान्यता देता है। पीएमकेवीवाई 3.0 के अल्पावधि प्रशिक्षण (एसटीटी) घटक के अंतर्गत, सफलतापूर्वक प्रमाणित उम्मीदवारों को नियोजन के अवसर प्रदान किए गए। पिछले दो वर्षों (अर्थात 2021-22 और 2022-23) के दौरान पीएमकेवीवाई 3.0 के अंतर्गत सूचित नियोजित उम्मीदवारों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और जेंडर-वार संख्या **अनुबंध-II** में दी गई है।

(ग) कोविड-19 महामारी के कारण हुए व्यवधान के बावजूद, दिनांक 31.12.2022 तक, लगभग 1.14 लाख उम्मीदवारों को पीएमकेवीवाई 3.0 के एसटीटी घटक के अंतर्गत प्रमाणित किया गया था, प्रमाणित उम्मीदवारों में से, लगभग 33 हजार उम्मीदवारों के नियोजन की सूचना प्राप्त की गई।

(घ) पीएमकेवीवाई 3.0 के अंतर्गत, मंत्रालय ने रोजगार मेलों के आयोजन, नियोजन को प्रोत्साहन आदि जैसी विभिन्न पहलों के माध्यम से अल्पावधि प्रशिक्षण (एसटीटी) प्रमाणित उम्मीदवारों को नियोजन की सुविधा प्रदान की थी। रोजगार मेले उम्मीदवारों को संभावित नियोजकों के साथ सीधे संपर्क के लिए क्षेत्र कौशल परिषदों, प्रशिक्षण प्रदाताओं और कार्यान्वयन एजेंसियों की सहायता से आयोजित किए जाते हैं। इसके अलावा, मंत्रालय ने आत्मनिर्भर कुशल कर्मचारी नियोजक मैपिंग (एएसईएम) पोर्टल आरंभ किया है, जो केंद्रीय और राज्य स्तर पर सभी स्कीमों में कुशल भारत पोर्टल (एसआईपी) के तहत पंजीकृत और प्रमाणित कुशल कार्यबल की केंद्रीय निर्देशिका के रूप में कार्य करता है। साथ ही, मंत्रालय देश भर के प्रतिष्ठानों/उद्योगों में शिक्षुता प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन स्कीम (एनएपीएस) कार्यान्वित कर रहा है।

**<u>अनुबंध-I</u>**

**वर्ष 2021 और वर्ष 2022 (दिनांक 31.12.2022 तक) के दौरान प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना 3.0 (पीएमकेवीवाई 3.0) के अंतर्गत प्रशिक्षित/उन्मुख उम्मीदवारों को महाराष्ट्र और ओडिशा राज्य सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और जेंडर-वार उम्मीदवार:**

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2021-22 | | | 2022-23 (दिनांक 31.12.2022 तक) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | महिला | पुरुष | नॉन बाइनरी | महिला | पुरुष | नॉन बाइनरी |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 113 | 500 | 0 | 154 | 156 | 0 |
| आंध्र प्रदेश | 4,536 | 8,663 | 0 | 2,835 | 2,963 | 0 |
| अरुणाचल प्रदेश | 5,450 | 3,434 | 0 | 407 | 260 | 0 |
| असम | 14,720 | 7,900 | 2 | 5,406 | 3,314 | 1 |
| बिहार | 10,289 | 14,128 | 0 | 5,676 | 6,537 | 0 |
| चंडीगढ़ | 563 | 330 | 0 | 291 | 200 | 0 |
| छत्तीसगढ | 2,631 | 1,875 | 0 | 2,820 | 1,536 | 0 |
| दिल्ली | 6,946 | 9,217 | 0 | 1,479 | 783 | 0 |
| गोवा | 225 | 379 | 0 | 52 | 124 | 0 |
| गुजरात | 10,723 | 15,438 | 0 | 3,371 | 3,132 | 0 |
| हरियाणा | 4,745 | 11,478 | 1 | 4,491 | 4,472 | 0 |
| हिमाचल प्रदेश | 5,451 | 2,981 | 0 | 2,138 | 1,401 | 0 |
| जम्मू और कश्मीर | 13,469 | 7,869 | 1 | 5,010 | 2,342 | 0 |
| झारखंड | 5,187 | 4,150 | 0 | 2,544 | 2,528 | 0 |
| कर्नाटक | 8,282 | 14,791 | 0 | 4,205 | 4,205 | 0 |
| केरल | 5,943 | 5,872 | 0 | 2,777 | 2,896 | 0 |
| लद्दाख | 538 | 193 | 0 | 159 | 87 | 0 |
| लक्षद्वीप | 24 | 96 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| मध्य प्रदेश | 16,679 | 16,284 | 0 | 10,739 | 10,606 | 0 |
| महाराष्ट्र | **15,588** | **22,301** | **2** | **6,341** | **8,571** | **1** |
| मणिपुर | 4,207 | 2,087 | 10 | 635 | 511 | 0 |
| मेघालय | 2,517 | 889 | 0 | 719 | 526 | 0 |
| मिजोरम | 3,048 | 1,347 | 0 | 596 | 566 | 0 |
| नगालैंड | 2,291 | 1,893 | 0 | 841 | 962 | 0 |
| ओडिशा | **5,577** | **5,869** | **1** | **6,110** | **6,006** | **0** |
| पुदुचेरी | 1,245 | 376 | 1 | 478 | 211 | 0 |
| पंजाब | 7,453 | 10,337 | 0 | 4,000 | 3,568 | 0 |
| राजस्थान | 11,227 | 17,397 | 0 | 4,048 | 5,184 | 0 |
| सिक्किम | 778 | 544 | 0 | 227 | 154 | 0 |
| तमिलनाडु | 20,545 | 8,510 | 2 | 5,923 | 2,106 | 0 |
| तेलंगाना | 6,274 | 6,765 | 0 | 4,712 | 3,328 | 0 |
| दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 206 | 46 | 0 | 31 | | 0 |
| त्रिपुरा | 2,443 | 1,987 | 0 | 820 | 788 | 0 |
| उत्तर प्रदेश | 22,512 | 27,085 | 1 | 12,561 | 13,007 | 0 |
| उत्तराखंड | 5,633 | 4,769 | 0 | 2,056 | 886 | 0 |
| पश्चिम बंगाल | 9,651 | 7,291 | 0 | 6,142 | 6,198 | 0 |
| **योग** | **2,37,709** | **2,45,071** | **21** | **1,10,794** | **1,00,114** | **2** |

**अनुबंध-II**

## पिछले दो वर्षों (अर्थात वर्ष 2021 और वर्ष 2022) के दौरान एसटीटी - पीएमकेवीवाई 3.0 के अंतर्गत नियोजन प्रदान करने वाले राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और जेंडर-वार उम्मीदवार

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2021-22 | | 2022-23 (दिनांक 31.12.2022 तक) | |
|---|---|---|---|---|
| | महिला | पुरुष | महिला | पुरुष |
| आंध्र प्रदेश | 551 | 650 | 52 | 126 |
| अरुणाचल प्रदेश | 35 | 26 | 57 | 49 |
| असम | 254 | 604 | 462 | 532 |
| बिहार | 614 | 918 | 105 | 103 |
| चंडीगढ़ | 65 | 22 | 59 | 0 |
| छत्तीसगढ | 137 | 241 | 364 | 185 |
| दिल्ली | 324 | 122 | 84 | 21 |
| गोवा | 0 | 1 | 0 | 0 |
| गुजरात | 137 | 167 | 282 | 98 |
| हरियाणा | 621 | 507 | 53 | 68 |
| हिमाचल प्रदेश | 327 | 137 | 2 | 26 |
| जम्मू और कश्मीर | 367 | 205 | 244 | 190 |
| झारखंड | 150 | 107 | 78 | 11 |
| कर्नाटक | 675 | 579 | 108 | 26 |
| केरल | 221 | 272 | 115 | 152 |
| मध्य प्रदेश | 791 | 897 | 363 | 471 |
| महाराष्ट्र | 440 | 431 | 15 | 60 |
| मणिपुर | 0 | 0 | 176 | 1 |
| मेघालय | 23 | 1 | 125 | 90 |
| मिजोरम | 155 | 27 | 0 | 0 |
| नगालैंड | 52 | 10 | 11 | 62 |
| ओडिशा | 456 | 305 | 86 | 43 |
| पुदुचेरी | 198 | 41 | 1 | 0 |
| पंजाब | 912 | 813 | 274 | 234 |
| राजस्थान | 371 | 352 | 71 | 111 |
| सिक्किम | 132 | 130 | 8 | 13 |
| तमिलनाडु | 1,890 | 722 | 384 | 166 |
| तेलंगाना | 663 | 856 | 137 | 73 |
| दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 21 | 11 | 0 | 0 |
| त्रिपुरा | 80 | 25 | 136 | 206 |
| उत्तर प्रदेश | 898 | 885 | 724 | 460 |
| उत्तराखंड | 279 | 135 | 178 | 157 |
| पश्चिम बंगाल | 1,082 | 536 | 167 | 243 |
| **योग** | **12,921** | **10,735** | **4,921** | **3,977** |

*******